## खबर संक्षेप

### सरेखा में मड़ई मेला 18 को

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम सरेखा में 18 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। थानसिंह देवदास ने बताया कि इस अवसर पर रात्रि में जय मां गंगा मैय्या नाचा कार्यक्रम रखा गया है।

### ग्राम मटिया (हल्दी) में मेला-मड़ई 12 को

**लाटाबोड़।** गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम मटिया (हल्दी) में 12 जनवरी को मेला मड़ई और कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। ग्रामीण अध्यक्ष पुनीत राम साहू व ग्रामीण एवन साहू ने बताया कि रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी जिर्राटोला जिला अंबागढ़ चौकी वालों का कार्यक्रम रखा गया है।

### गोरकापार चीचा में मेला-मड़ई 9 को

**अंडा।** ग्राम गोरकापार चीचा में 9 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। उदलाराम साहू ने बताया कि इस अवसर पर रात्रि 9 बजे छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी बिजेतरा भाठागांव सिकोसा वालों का कार्यक्रम रखा गया है। उसके बाद 11 और 12 जनवरी को दो दिवसीय मानस गान सम्मेलन रखा गया है।

### लाटाबोड़ में मड़ई मेला 20 को

**लाटाबोड़।** ग्राम लाटाबोड़ में 20 जनवरी को मेला मड़ई का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीण अध्यक्ष श्यामलाल साहू ने बताया कि ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम लहर गंगा धनेली (गुरुर) वालों का कार्यक्रम रखा गया है।


### पलारी में 3 दिवसीय मानस महोत्सव व्याख्यान माला महाकुंभ 10 से

**गुरूर।** मानस प्रचास समिति पलारी द्वारा प्रदेश स्तरीय तीन दिवसीय संगीतमय दिव्य मानस महोत्सव व्याख्यान माला महाकुंभ का आयोजन 10 से 12 जनवरी तक नगर पंचायत पलारी में किया गया है। 11 जनवरी को आयोध्या धाम में प्रभु श्रीरामचन्द्र जी के मंदिर निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा के 1 वर्ष पूर्ण होने की प्रथम वर्षगांठ पर प्रत्येक घरों में 5 दीपक जलाकर रंगोली सजाई जाएगी व अतिशबाजी की जाएगी। इसके साथ ही अन्य धार्मिक संस्कृति संकल्पित 10, 11 एवं 12 जनवरी को राम महोत्सव मनाया जाएगा। 10 जनवरी को शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक धमतरी विधानसभा ओंकार साहू होंगे, अध्यक्षता नरेन्द्र कुमार साहू करेंगे। 11 जनवरी को मुख्य अतिथि कौशिल्या देवी साय होंगी, अध्यक्षता केन्द्रीय राज्यमंत्री भारत सरकार नई दिल्ली तोखन साहू करेंगे। 12 जनवरी को मुख्य अतिथि सांसद कांकेर लोकसभ भोजराज होंगे, अध्यक्षता विधायक संजारी बालोद संगीता भैयाराम सिन्हा करेंगी। पहले दिन 10 जनवरी को 6 मंडलियां अपनी प्रस्तुती देंगी।

# अजय साहू संभालेंगे जिला भाजपा की बागडोर, चुनाव प्रभारी भरत ने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

## राजनीति : महीनों मशक्कत के बाद की गई घोषणा



■ मंत्री दयालदास बघेल की रणनीति ने किया काम

भाजपा संगठन चुनाव में महीनों की रस्साकसी के बाद राजधानी रायपुर से आया बंद लिफाफा जिला भाजपा कार्यालय में खोला गया। लिफाफा खोलते ही बेमेतरा जिले की कमान मंत्री दयाल दास बघेल समर्थक अजय साहू मिल गई। घोषणा होते ही पार्टी कार्यालय में जमकर जश्न भी मनाया गया।

रायपुर रोड स्थित जिला भाजपा कार्यालय में सोमवार दोपहर प्रदेश चुनाव प्रभारी भरत वर्मा पहुंचे। चुनाव प्रभारी के पास जिला भाजपा अध्यक्ष के नाम का बंद लिफाफा था। जिला कार्यालय में मंत्री दयाल दास बघेल, विधायक दीपेश साहू, विधायक ईश्वर साहू सहित जिले के भाजपा के तमाम बड़े नेता मौजूद थे। प्रदेश चुनाव प्रभारी ने सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं के सामने बंद लिफाफा खोलकर जिला भाजपा अध्यक्ष के रूप में अजय साहू का नाम लिया। नए जिला अध्यक्ष रूप में अजय साहू के नाम घोषणा होते ही कार्यकर्ताओं ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। इस तरह दो-तीन महीने से जिला भाजपा अध्यक्ष को लेकर चल रही रस्साकसी खत्म हुई। जिलाध्यक्ष को लेकर सभी गुटों ने अपने अलग-अलग नाम प्रस्तावित किए थे। लेकिन राजनीतिक सूझ-बूझ से काम करते हुए मंत्री दयाल दास बघेल ने अजय ▸▸ शेष पेज 11 पर

### दायित्व के अनुरूप कार्य करूंगा : अजय

नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष अजय साहू ने कहा कि पार्टी ने मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को जिला अध्यक्ष का दायित्व दिया है। इसके लिए मैं प्रदेश एवं जिले के वरिष्ठ नेताओं का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। पार्टी का हर कार्यकर्ता बहुमूल्य है और उनके दायित्व के अनुरूप उन्हें अपनी भूमिका निभानी होगी। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय का स्वप्न अंत्योदय के लक्ष्य पर हर कार्यकर्ताओं को चलना होगा और पार्टी की ताकत बढ़ानी होगी।

## कार्रवाई : जिला शिक्षा अधिकारी ने की बड़ी कार्रवाई

# फर्जी दस्तावेजों से हथियाई थी नौकरी दो शिक्षाकर्मी 14 साल बाद बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

लंबे समय बाद आखिर जिले में फर्जी शिक्षाकर्मी मामले में जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे ने बड़ी कारवाई की है। जांच के बाद फर्जी दस्तावेजों के सहारे नौकरी कर रहे दो शिक्षाकर्मियों को उनके पद से बर्खास्त कर दिया गया। दोनों शिक्षाकर्मी 14 से 15 वर्षों से नौकरी कर रहे थे। शिकायत मिलते ही जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच कराई जिसमें दोनों फर्जी दस्तावेज देकर नौकरी करते पाए गए।

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राजू लाल सोनी सहायक शिक्षक (एल.बी.) शासकीय प्राथमिक शाला लिटीपुर वि.ख. नवागढ़ व धनंजय कुमार वर्मा, सहायक शिक्षक एल.बी शासकीय प्राथमिक शाला करेली वि.ख. बेरला में कक्षा 12वीं के फर्जी अंकसूची (कूटरचित अंकसूची) के आधार पर विकासखण्ड बेरला में नियुक्ति प्राप्त कर सहायक शिक्षक के पद पर कार्य कर रहे थे। दोनों शिक्षकों पर फर्जी व अंकसूची कूटरचित कर नौकरी पाए जाने की शिकायत हुई थी। शिकायत के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच कराई। विभागीय जांच अधिकारी सहायक संचालक एस.पी. कोशले ने अपना जांच प्रतिवेदन जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा, जिसमें इन दोनों ▸▸ शेष पेज 11 पर




### आगे भी कारवाई जारी रहेगी

जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे ने कहा कि दोनों शिक्षाकर्मियों के दस्तावेज जांच में फर्जी पाए गए। उसके बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया है। उच्च कार्यालय के निर्देश के बाद मामले को पुलिस को सौंपा जाएगा। जिले में फर्जी शिक्षाकर्मियों पर आगे भी कारवाई जारी रहेगी।

### धनंजय कुमार वर्मा ने लगाई 12वीं की फर्जी अंकसूची, बेरला जनपद से पाई नियुक्ति

शासकीय प्राथमिक शाला करेली वि.ख. बेरला में सहायक शिक्षक एल.बी के पद पर पदस्थ धनंजय कुमार वर्मा, सहायक शिक्षक एल.बी की शिकायत उपरांत जांच की गई, तब पता चला कि उसके द्वारा कक्षा 12वीं के फर्जी अंकसूची (कूटरचित अंकसूची) के आधार पर विकासखण्ड बेरला में नियुक्ति प्राप्त कर सहायक शिक्षक के पद पर किया जा रहा है। जांच के दौरान पता चला कि सेवा पुस्तिका में संलग्न अंकसूची, नियुक्ति आदेश एवं अन्य दस्तावेज विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बेरला से हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा प्रमाण पत्र (अंकसूची) रोल नम्बर 29321890 पूर्णाक 450 प्राप्तांक में से 356 प्राप्त हुआ 12 वी में ओर हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट में अंकित परीक्षा केन्द्र सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 04 भिलाई है। उक्त स्कूल से अंकसूची का सत्यापन कराकर माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर छ.ग. के वेबसाईट में उपलब्ध प्रतिपर्ण से मिलान किया गया। इससे पता चला कि हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा प्रमाण पत्र (अंकसूची) अनुक्रमांक 29321890 में पूर्णाक 450 प्राप्तांक में 122 अंक मिला और परीक्षाफल अनुत्तीर्ण अंकित है। माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर के वेबसाईट में भी उपलब्ध प्रतिपर्ण में पूर्णांक 450 प्राप्तांक 122 परीक्षाफल अनुत्तीर्ण अंकित है। इस तरह धनंजय कुमार वर्मा ने 12वीं की फर्जी अंकसूची बनाकर उच्च अंक दर्शाते हुए नियुक्ति पाई। डीईओ ने तत्काल प्रभाव से प्रकाशित करने के लिए कार्रवाई की।

### राजूलाल सोनी जिला राजनांदगांव से फर्जी स्थानांतरण आदेश पर कर रहा था नौकरी

जांच में राजू लाल सोनी सहायक शिक्षक पंचायत के पद पर कूटरचित नियुक्ति आदेश व कार्यभार ग्रहण एवं स्थानांतरण आदेश के आधार पर विकासखंड नवागढ़ की शासकीय प्राथमिक शाला लिटीपुर में सहायक शिक्षक पंचायत के पद पर शिकायत हुई। जिस पर शिक्षा विभाग ने राजू लाल सोनी को शिक्षाकर्मी वर्ग 03 के पद पर नियुक्ति के समय प्रस्तुत योग्यता प्रमाण पत्र एवं दस्तावेज प्रस्तुत करने कार्यालयीन पत्र प्रेषित किया गया। 30 दिसंबर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मानपुर जिला राजनांदगांव को राजूलाल सोनी के शिक्षाकर्मी वर्ग 03 के नियुक्ति दौरान प्रस्तुत आवेदन, योग्यता प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेजों की (नियुक्ति आदेश सहित) प्रमाणित छायाप्रति की जानकारी मांगी गई। इसी तरह विकासखंड शिक्षा अधिकारी मानपुर व प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला मुंदेली वि.ख. मानपुर जिला राजनांदगांव को शिक्षाकर्मी वर्ग 03 के पद पर कार्यभार करते समय प्रस्तुत दस्तावेज की प्रमाणित छायाप्रति उपलब्ध कराने पत्र प्रेषित किया गया था। जिस पर जनपद पंचायत कार्यालय के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं प्रधान पाठक ▸▸ शेष पेज 11 पर

# आग से जली महिला की मौत हत्या का संदेह, पति गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

■ ग्राम फरी में महिला की आग से जलने के मामले में सिटी कोतवाली बेमेतरा पुलिस ने की कार्रवाई

जिला मुख्यालय से 3 किमी दूरी पर स्थित ग्राम फरी में 4 जनवरी संदिग्ध अवस्था में महिला की जलकर मौत हो जाने का मामला सामने आया था। पोस्टमार्टम में हत्या की पुष्टि हुई, हालांकि पुलिस ने हत्या मानकर पति को हिरासत में ले लिया था। मृतका की हत्या का आरोपी अंततः पति दुर्गेश विश्वकर्मा ही निकला।उसने पहले अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या की घटना को अंजाम दिया, फिर मिट्टी तेल छिड़क कर आग लगा दी, ताकि आत्महत्या लगे।

पुलिस ने बताया कि प्रकरण में विवेचना के दौरान संदेह के अधार पर मृतका गंगोत्री विश्वकर्मा उम्र 23 साल के पति दुर्गेश विश्वकर्मा को हिरासत में लेकर कड़ाई से पुछताछ करने पर पता चला कि इसकी पत्नी मृतका गंगोत्री विश्वकर्मा पिछले 4-5 दिन से पायल खरीदने बोल रही थी। इसी बात पर दोनों के बीच विवाद हुआ था। घटना दिनांक को आरोपी द्वारा अपनी पत्नी गंगोत्री विश्वकर्मा को शारीरिक संबंध बनाने बोलने पर मना कर दी। इसी बात पर नाराज होकर आरोपी दुर्गेश विश्वकर्मा द्वारा अपनी पत्नी के ऊपर बैठकर बलपूर्वक नाक व मुह को बंद कर हत्या कर दी। किसी को पता न चले सोच कर मृतका के शव को घर में बने बाथरूम में ले जाकर मिट्टी तेल छिड़ककर आग लगा दी। प्रकरण में विवेचना दौरान आरोपी दुर्गेश विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली प्रभारी उप निरीक्षक राकेश साहू, उप निरीक्षक शैल शर्मा, सहायक उप निरीक्षक शशीकांता साहू, सउनि उदल राम टांडेकर, प्रधान आरक्षक हेमंत साहू, आरक्षक देवेन्द्र साहू, महेश दिवाकर, राजेन्द्र जायसवाल, शिवकुमार सेन, रामगोपाल निषाद, चुरावन पाल एवं अन्य थाना स्टाफ शामिल रहे।

# आत्मानंद स्कूल कुसमी में धूमधाम से मनाया गया आनंद महोत्सव



**बेमेतरा।** बेरला ब्लॉक के ग्राम कुसमी में स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में तीन दिवसीय आनंद महोत्सव का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद एवं एक दिवसीय बाल मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रकार के खेल प्रतियोगिता क्रिकेट, खो-खो, कबड्डी, रस्साकसी, दौड़ का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और आनंद उठाया। बाल मेला में बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार की खाद्य सामग्रियों के स्टाल लगाए गए थे। इनमें इडली, भेल, गुपचुप जैसे व्यंजन शामिल थे। बड़ी संख्या में पालकगण, गाँव के नागरिक एवं शाला के प्राचार्य एसएस ठाकुर संकुल समन्वयक सीएल साहू तथा समस्त स्टाफ (अंग्रेजी माध्यम)उपस्थित थे।

# गुनरबोड़ स्कूल का पूर्व छात्र सन्नी बना अग्निवीर, गुरुजनों ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

■ सन्नी ने विद्यार्थियों के साथ बैठकर किया भोजन

शासकीय प्राथमिक शाला गुनरबोड में पूर्व छात्र सन्नी यादव का अग्निवीर में चयन होने पर सम्मान किया गया। अग्निवीर बने छात्र सन्नी को शाला में आमंत्रित कर उन्हें शाल, श्रीफल और मिठाई भेंट कर सम्मानित किया गया।

शाला की शिक्षिका विधि शर्मा ने अपने पूर्व छात्र अग्निवीर बने सन्नी का मुंह मीठा कराकर बधाई दी और उज्वल भविष्य की कामना करते हुए निरंतर आगे बढ़ते रहने का आशीर्वाद दिया। साथ ही शाला में बच्चों समझाया कि आप सभी को भी खूब मन लगाकर पढ़ाई करना है और अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है। अग्निवीर बने सन्नी ने बच्चों को समझाया की अभी आपका वर्तमान समय सिर्फ पढ़ाई करने का हैं। आप सब मन लगाकर पढ़ाई करें। अपना लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करें तभी आपको सफलता मिलेगी।

साथ ही सभी बच्चों का मुंह मीठा कराया तथा बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया। शिक्षिका विधि शर्मा ने शाला में आकर बच्चों में नई ऊर्जा भरने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए ढेर सारी शुभकामनाएं दी। प्रधान पाठक आशा कुजूर ने भी बधाई दी। ग्राम सरपंच प्रतिनिधि चित्रेंद्र वर्मा ने भी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए शाला के सभी बच्चों को समझाया कि आप सभी को खूब मेहनत करके पूरे गांव का नाम रोशन करना है।

# ग्रामीण से मारपीट, चाचा-भतीजे के खिलाफ डोंडी थाने में मामला दर्ज

**बालोद।** ग्राम चिखली में चाचा और भतीजे ने मिलकर योगेन्द्र गोटा की चूड़ा एवं बांस के डंडे से पिटाई कर दी। मामले में 2 जनवरी को योगेन्द्र गोटा की मां की रिपोर्ट पर डौंडी थाने में चाचा और भतीजे के खिलाफ धारा 351(2), 115(2), 296, 3(5)बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है। ग्राम चिखली निवासी दुखी बाई ने बताया कि 2 जनवरी को अपने पति मानसिंह गोटा के साथ लकड़ी तोड़ने जंगल तरफ गई थी। शाम करीब 05 बजे अपने घर आई तब ग्रामीणों से पता चला कि बेटा दुकान के सामने खून से लथपथ पड़ा है। उसके साथ पोराभाठा पारा के सतीश कुमार एवं उसके भतीजे ने मिलकर मारपीट की है। तब मैं अपने पति मानसिंह के साथ दुकान के पास गई तो देखी कि मेरा बेटा योगेन्द्र बेहोश हालत में पड़ा था, नाक से खून निकल रहा था। उसे ग्रामीणों की मदद से शासकीय अस्पताल डौण्डी ले जाया गया।


**एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज**

छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त

प्रवेश प्रारंभ — सीमित सीटे

उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स

- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन

सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स


काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604

चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)


## नयापारा भिलौरी में आयोजित मानसगान प्रतियोगिता का हुआ समापन

# पुरुषों में धौराभाठा व महिला वर्ग में अंबागढ़ चौकी प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा



जय मां शीतला मानस मंडली एवं समस्त ग्रामवासी नयापारा भिलौरी के तत्वावधान में तीन दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम 23 वर्षों से अनवरत जारी है।

प्रथम दिवस सम्मेलन में 6 मंडली एवं तीन दिवसीय प्रतियोगिता में 30 मानस मंडली प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें प्रथम नूतन मानस मंडली धौराभाठा पाटन, द्वितीय जय बजरंग मानस मंडली कोहका भिलाई, तृतीय गुरुकृपा भजन संध्या मानस मंडली बोरी, चतुर्थ नवनीत मानस मंडली कुथरेल, पंचम मुक्ता मानस मंडली कुर्सीपार भिलाई एवं महिला वर्ग में प्रथम नवदीप बालिका मानस मंडली अंबागढ़चौकी, द्वितीय नवदिव्य ज्योति महिला मानस मंडली कमरौद धमतरी, तृतीय वंदना बालिका मानस मंडली पाररास बालोद, चतुर्थ नव निहाल बालिका मानस मंडली मारूटोला खैरागढ़, पंचम हरिओम महिला मानस मंडली बोरेंदा एवं विशेष पुरस्कार में श्रेष्ठ व्याख्या शक्ति संगम मानस मंडली विनोद साहू भिंभौरी, श्रेष्ठ हारमोनियम गायक सरल संगीत मानस मंडली आरंग ,श्रेष्ठ तबला मंगलदीप मानस मंडली रामाटोला राजनंदगांव, श्रेष्ठ अनुशासन गंगा संगम मानस मंडली तेलगा आनंदगांव एवं बेस्ट श्रोता श्रीबती साहू भिलौरी ने स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा कलश सजाओ,आरती थाल सजाओ एवं रंगोली सजाओ प्रतियोगिता का भी आयोजन रखा गया।

कार्यक्रम के सफल उद्घोषक मंच संचालक की भूमिका श्रीरामचरितमानस संघ के जिला अध्यक्ष अनिल रजक बेमेतरा एवं आभार प्रदर्शन व्याख्याकार दालचंद साहू शिक्षक ने की। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष दुकालू राम साहू, उपाध्यक्ष जगनाथ साहू, संचालक बलदेव साहू, व्याख्याकार दालचंद साहू शिक्षक, कोषाध्यक्ष जयलाल साहू, सचिव संतोष साहू, नरोत्तम निषाद, धर्मेंद्र साहू, शीतल साहू ,अमोल साहू, कोमलकांत साहू सहित अनेक लोगों का सहयोग रहा।

# युवक से मारपीट, तीन के खिलाफ मामला दर्ज

**बालोद।** गार्डन में अकेले बैठे युवक की तीन युवकों ने पुरानी रंजीश के चलते लात घूसों से पिटाई कर दी। ग्राम हीरापुर के गार्डन में अकेले बैठे टिकेश्वर साहू को तीन लोगों ने पीटा है। मामले में कोतवाली थाने में 4 जनवरी को तीनों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। ग्राम हीरापुर निवासी टिकेश्वर साहू ने बताया कि 4 जनवरी को शाम 04.30 बजे अपने गांव के नदी किनारे गार्डन में अकेले बैठा था। उसी समय गांव के पुरूषोत्तम साहू, प्रदीप साहू, लालचंद यादव गार्डन में आये और मुझे पुराने विवाद को लेकर गाली गलौज करने लगे। मैंने गालियां देने से मना किया तो तीनों ने मिलकर मुझसे मारपीट की।


**पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# ‘डाइट’ पर भी संकट! डीएलएड के बंद होते ही 2030 तक यहां भी नहीं रहेंगे छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

प्रदेश भर के डाइट अर्थात डिस्ट्रिक्ट इंस्टिट्यूट ऑफ एजूकेशन एंड ट्रेनिंग संस्थान पर संकट मंडरा रहा है। छत्तीसगढ़ सहित देशभर के शिक्षा महाविद्यालयों में संचालित डीएलएड और द्वि वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम बंद किए जाएंगे। इन्हें एकमुश्त बंद ना करते हुए 2030 तक क्रमशः बंद किया जाएगा।

इनके स्थान पर चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीए-बीएड और बीएससी-बीएड पाठ्यक्रम का संचालन किया जाएगा। इस नए नियम के कारण डाइट पर भी संकट मंडरा रहा है। डाइट में जिले के शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किए जाने के साथ ही डीएलएड पाठ्यक्रम का संचालन भी होता है। नियमतः यहां डीएलएड पाठ्यक्रम 2030 तक बंद हो जाएंगे। ऐसे में यह सिर्फ शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करने का ही कार्य करेगा। चूंकि यहां डीएलए अभ्यर्थियों के अध्ययन-अध्यापन के लिए प्राध्यापकों की नियुक्ति भी की जाती है, इसलिए डीएलएड पाठ्यक्रम समाप्त होने के बाद अतिरिक्त स्टाफ को अन्य स्थानों पर भी भेजा जाएगा।

- 2030 तक बंद किए जाने हैं डीएलएड सहित दो वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम
- प्रदेश के 19 जिलों में हैं डाइट, यहां डीएलएड की 50-50 सीटें

### होगी मात्र टीचर्स की ट्रेनिंग



फाइल फोटो

### प्रदेश के 19 जिलों में डाइट

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश के 19 जिलों में डाइट हैं। नए खुले जिलों में डाइट नहीं है। जिन 19 जिलों में डाइट हैं, वहां नए खुले जिलों के शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्य भी पूर्व की भांति किया जाता है। नवीन पाठ्यक्रम लागू होने अथवा किसी भी नए बदलाव का प्रशिक्षण डाइट के माध्यम से ही दिया जाता है। इसके अतिरिक्त नव-नियुक्ति शिक्षकों को भी डाइट ही प्रशिक्षित करता है। मास्टर ट्रेनर्स को भी डाइट में भी तैयार किया जाता है।

### नए डाइट के लिए अर्जी नहीं

चूंकि दो वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम और डीएलएड पाठ्यक्रम को बंद करने की तैयारी है, इसलिए इन कोर्स के लिए नवीन आवेदन नहीं लिए जा रहे हैं। डाइट में अब डीएलएड पाठ्यक्रमों का संचालन नहीं हो सकेगा, इसलिए नए डाइट के लिए अर्जी नहीं दी जा रही हैं। जिन जिलों में डाइट नहीं है, वहां के शिक्षकों को दूसरे जिलों के डाइट के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गौरतलब है कि प्रत्येक डाइट में डीएलएड की 50-50 सीटें हैं। यहां व्यापम द्वारा ली जाने वाली प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर ही दाखिले मिलते हैं। कम फीस होने के कारण छात्रों की पहली प्राथमिकता यहां दाखिला रहती है।

## खबर संक्षेप



### अभिनव बने डीआईसीसीआई छग चैप्टर का प्रेसीडेंट

**रायपुर।** डीआईसीसीआई (दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री) के छत्तीसगढ़ चैप्टर ने शनिवार को क्षेत्रीय परिषद की बैठक ली। बैठक में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के समन्वयक शामिल हुए। उन्होंने वर्तमान उद्यमशीलता व्यापार व्यवसाय के परिदृश्य, औद्योगिक नीति 24-20 और उससे जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा की। बैठक में डीआईसीसीआई छत्तीसगढ़ चैप्टर के प्रेसीडेंट पद के लिए अभिनव सत्यवंशी के नाम की घोषणा की गई। यह घोषणा पश्चिमी क्षेत्र के अध्यक्ष संतोष काबले एवं डिक्की छत्तीसगढ़ के मनीष बौद्ध द्वारा की गई और राज्य की कोर टीम के पदाधिकारियों एवं आमंत्रित क्षेत्रीय समिति के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। इसके पूर्व डीआईसीसीआई छत्तीसगढ़ चैप्टर की कमान प्रमोद घरड़े सम्हाल रहे थे। उनके कार्यकाल पूर्ण होने के बाद अब नए प्रेसीडेंट की नियुक्ति की गई है। डिक्की अनुसूचित जाति एवं जनजाति के उद्यमी व्यवसायियों के हितों के लिए काम कर रहा देश का सबसे बड़ा संगठन है।

### मेडिकल कॉलेजों में पीजी की सीटें खाली, एमसीसी ने घटाया परसेंटाइल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ समेत देशभर के मेडिकल कॉलेजों में एमडी-एमएस की खाली सीटों पर एडमिशन के लिए मेडिकल काउंसिलिंग कमेटी ने परसेंटाइल घटाने की घोषणा की है। अब जनरल केटेगरी की सीटों पर 50 के बजाय 10 और अन्य वर्ग के लिए 40 के बजाय 10 परसेंटाइल को पात्र माना गया है। मेडिकल की पीजी सीटें, खासकर नॉन क्लीनिकल के लिए उम्मीदवार नहीं मिल रहे हैं। एडमिशन के लिए राज्य में दो राउंड की काउंसिलिंग हो चुकी है, जिसके बाद भी 40 फीसदी से ज्यादा सीटें खाली हैं। कुछ ऐसा ही हाल अन्य राज्यों का भी है। शुरुआती दौर में प्रवेश के लिए तय किए गए नियम के मुताबिक सामान्य वर्ग के लिए 50 तथा एसटी-एसससी-ओबीसी, पीडब्लूडी केटेगरी की सीटों के लिए 40 और 45 परसेंटाइल तय किया गया था। दो राउंड के प्रवेश के बाद काफी संख्या में सीटें खाली होने की वजह से इसमें और कमी की गई है। जारी सर्कुलर के अनुसार जनरल केटेगरी में 40 परसेंटाइल और अन्य वर्ग के 10 परसेंटाइल के पात्र विद्यार्थी चिकित्सा विशेषज्ञ की पढ़ाई के लिए कॉलेज में एडमिशन ले सकते हैं।

### वर्ष-2025 में पूरा होगा काम, मरीजों के लिए उपचार सुविधाओं में होगी बढ़ोतरी

# एम्स में 150 बेड की क्रिटिकल केयर, डीकेएस में किडनी ट्रांसप्लांट और ‘आंबेडकर’ में मॉड्यूलर ओटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

सरकारी अस्पतालों में बढ़ रही मरीजों की भीड़ को देखते हुए वर्ष 2025 में उपचार की विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने की तैयारी है। मरीजों से ओवरलोड हो चुके एम्स में डेढ़ सौ बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट का काम पूरा होगा। डीकेएस में किडनी ट्रांसप्लांट की शुरुआत की जाएगी और आंबेडकर अस्पताल में हृदय रोगियों के बेहतर तरीके से ऑपरेशन के लिए दो करोड़ का मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर तैयार हो जाएगा।

राजधानी में स्थापित तीनों बड़े अस्पतालों में प्रदेश समेत दूसरे राज्यों से भी मरीज उपचार के लिए आते हैं। मरीजों की संख्या और भविष्य में उपचार की सुविधाओं के विस्तार के लिए तीनों अस्पतालों के लिए विभिन्न योजनाएं बनाई गई हैं, जो वर्ष 2025 में पूर्ण होने की संभावना है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण एम्स के डेढ़ सौ बेड की क्षमता की क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण है। सौ करोड़ की यह योजना इस साल के अंत तक पूरी होने की उम्मीद है। इससे बड़ी संख्या में इलाज के लिए पहुंचने वाले गंभीर मरीजों को उपचार की सुविधा मिलने लगेगी। वर्तमान में यहां उपलब्ध 120 बेड का वार्ड ट्रामा एंड इमरजेंसी मरीजों की संख्या की वजह से छोटा पड़ जाता है। इसी तरह डीके अस्पताल में बहुप्रतीक्षित किडनी ट्रांसप्लांट भी इसी साल शुरू होने की संभावना है। अस्पताल प्रबंधन ने इस सुविधा के लिए विभिन्न कमियों को दूर करने के निर्देश दिए हैं। आंबेडकर अस्पताल में हृदय रोगियों की सर्जरी के लिए दो करोड़ की लागत से तैयार किया जा रहा मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर पूरा होगा, जिससे हार्ट ट्रांसप्लांट के रास्ते खुलेंगे। साथ ही तीनों बड़े अस्पतालों में अन्य योजनाएं भी पूरी होने की उम्मीद है।









### एम्स में लिवर ट्रांसप्लांट की संभावना भी

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में विभिन्न तरह की बड़ी सर्जरी के साथ किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा भी मरीजों को मिल रही है। यहां लिवर ट्रांसप्लांट की सुविधा प्रारंभ करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए अलग से सेटअप तैयार करने का काम अंतिम चरण में है। एम्स में सौ करोड़ की क्रिटिकल केयर यूनिट की आधारशिला तत्कालीन केंद्रीय मंत्री द्वारा वर्ष 2023 में रखी गई थी।

- आंबेडकर अस्पताल में हृदय रोगियों की सर्जरी के लिए दो करोड़ की लागत से तैयार किया जा रहा मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर पूरा होगा, जिससे हार्ट ट्रांसप्लांट के रास्ते खुलेंगे

### डीके में 16 करोड़ का हॉस्टल

डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में 16 करोड़ की लागत से एमसीएच और डीएम छात्रों के लिए हॉस्टल बनाने काम भी इसी साल पूरा होगा। साथ ही न्यूरो से संबंधित अतिगंभीर मरीजों के लिए राज्य की पहली न्यूरो क्रिटिकल केयर यूनिट यहीं शुरू की जाएगी। अस्पताल में कुछ रक्तविकार, थायरायड ग्रंथि से संबंधित बीमारियों के लिए भी यहां नए विभाग प्रारंभ किए जाने की योजना भी इसी साल शुरू होने के आसार हैं।

### शुरू होगा सात सौ बिस्तर एक्सटेंशन का काम

आंबेडकर अस्पताल के विस्तार के लिए इस साल सात सौ बिस्तर की सुविधा देने एकीकृत भवन निर्माण का काम इसी साल से शुरू होने की संभावना है। 1240 बेड की क्षमता वाले पुराने भवन में अब नए निर्माण की गुंजाइश नहीं बची है। अस्पताल में गंभीर मरीजों के लिए वेंटिलेटर और जांच के लिए एमआरआई मशीन के साथ तमाम सुविधाओं से लैस एंबुलेंस की उपलब्धता भी इसी साल होने की संभावना है।

### नंदनवन से हिरण एटीआर शिफ्ट करने का विरोध

# ग्रामीणों ने मचाया हंगामा सफारी टीम बैरंग लौटी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- डेढ़ दर्जन हिरण अचानकमार शिफ्ट करने की थी तैयारी
- आदेश की कॉपी नहीं दिखाने पर ग्रामीण भड़के, हिरण रेस्क्यू करने वाले बैरंग लौटे

नंदनवन पक्षी विहार में विचरण कर रहे डेढ़ दर्जन के करीब हिरणों को अचानकमार टाइगर रिजर्व में शिफ्ट करने की खबर सुनकर स्थानीय ग्रामीण आक्रोशित हो गए। ग्रामीणों के गुस्से को देखते हुए सफारी प्रबंधन को बैरंग लौटना पड़ा। स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक, हिरण रेस्क्यू करने आई टीम से उन्होंने आदेश की कॉपी मांगी, इस पर टीम ने उन्हें आदेश की कॉपी नहीं दिखाई। विरोध करने पर हिरण ले जाने आई टीम ने उनके साथ बदसलूकी की।

इस वजह से ग्रामीण भड़क गए और हिरण न ले जाने देने की बात पर अड़ गए। उल्लेखनीय है कि अचानकमार टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या बढ़ गई है। बाघों के लिए प्रे-बेस तैयार करने नंदनवन में विचर रहे हिरणों को एटीआर शिफ्ट करने का निर्णय लिया गया, इसलिए जंगल सफारी की टीम हिरणों को एटीआर शिफ्ट करने कंटेनर लेकर नंदनवन पहुंची। इसकी जानकारी ग्रामीणों को मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण वहां पहुंच गए और हिरण ले जाने संबंधित आदेश की कॉपी दिखाने के लिए कहा। इस पर सफारी प्रबंधन ने ग्रामीणों को आदेश की कॉपी दिखाने से इंकार कर दिया। इस बात को लेकर ग्रामीण आक्रोशित हो गए और नंदनवन गेट के सामने जमकर विरोध-प्रदर्शन किया। ग्रामीणों के प्रदर्शन को देखते हुए हिरण रेस्क्यू करने वाली टीम बैरंग वापस लौट गई।

### विभाग के दावों की पोल खुली

अचानकमार टाइगर रिजर्व में बाघों के लिए पर्याप्त प्रे-बेस होने का दावा किया जाता है। ऐसे में नंदनवन से महज डेढ़ दर्जन हिरण ले जाने की आवश्यकता क्यों पड़ी? इससे पता चलता है कि अचानकमार में प्रे-बेस की कमी है। उल्लेखनीय है कि कुछ वर्ष पूर्व नंदनवन में हिरण का एक जोड़ा लाया गया था, जिनकी संख्या अब डेढ़ दर्जन के करीब हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, जिन हिरणों को एटीआर शिफ्ट करने की तैयारी थी। उनमें से कई हिरण शावक हैं, जिन्हें नहीं ले जाया जा सकता।

# राडा का ऑटो एक्सपो 15 से, नए वाहनों का प्रदर्शन, नई तकनीक की जानकारी भी



- साइंस कॉलेज मैदान में 15 जनवरी से 15 फरवरी तक आयोजन
- सीएम साय ने किया पोस्टर का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से रविवार को पुलिस परेड ग्राउंड हेलीपेड पर रायपुर आटोमोबाइल्स डीलर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान 15 जनवरी से 15 फरवरी तक साइंस कॉलेज ग्राउण्ड में आयोजित ऑटो एक्सपो-2025 के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर खाद्य मंत्री दयालदास बघेल एवं रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा भी मौजूद रहे।

एसोसिएशन के अध्यक्ष रविंद्र भसीन एवं प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को ऑटो एक्सपो-2025 के उद्घाटन के लिए बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने इस आमंत्रण के लिए एसोसिएशन के सदस्यों को धन्यवाद दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि इस एक्सपो में छत्तीसगढ़ के प्रमुख ऑटोमोबाइल्स व्यवसायी भाग लेंगे। प्रदर्शनी में दोपहिया, चारपहिया, कमर्शियल वाहन, ट्रैक्टर डीलर्स, फाइनेंसर, ऑयल एजेंसीज सहित ऑटोमोबाइल क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न श्रेणियों के 200 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे। नवीनतम वाहनों का भी प्रदर्शन किया जाएगा और लोगों को नई तकनीक की जानकारी दी जाएगी। पोस्टर विमोचन के दौरान राडा के उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, सचिव विवेक अग्रवाल, छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए देवाशीष कृष्णा और अवनित का चयन







हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग राष्ट्रीय युवा उत्सव-2025 के लिए छत्तीसगढ़ से देवाशीष पटेल रायपुर, कृष्णा लालवानी कोरबा एवं अवनित कौर रायपुर चयनित हुए हैं। देवाशीष पूर्व ही छत्तीसगढ़ युवा संसद प्रतिनिधि 2024 के रूप में संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से सम्मानित हो चुके हैं। इन्हें 11 एवं 12 जनवरी 2025 को भारत मण्डपम नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष भारत को विकसित बनाने के विजन को प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाएगा।

रायपुर स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में स्टेट लेवल यूथ डॉयलाग कार्यक्रम हुआ। खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक तनूजा सलाम ने बताया कि कार्यक्रम में विशेष रूप से छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने युवाओं का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र संगठन के राज्य निदेशक अतुल निगम व युवा अधिकारी अर्पित तिवारी, युवा अधिकारी सिमरदीप सिंह व कार्यक्रम अधिकारी सुनीता चंसोरिया भी उपस्थित रहे।

# आकाश विग ने जन्मदिन पर मंदिर और गुरुद्वारे में की पूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता और समाजसेवी आकाश विग ने शनिवार को अपना जन्मदिन सादगी के साथ मनाया। सुबह मंदिर व गुरुद्वारा जाकर पूजा-अर्चना की। देर रात तक उनके मित्रों, शुभचिंतकों एवं भाजपा नेताओं ने फोन पर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी।

शाम को उनके निवास पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश बीजेपी के संगठन महामंत्री पवन साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडे ने मत्था टेककर बजरंग बली का आशीर्वाद लिया और आकाश को जन्मदिन की बधाई दी। इसके बाद आकाश ने अनाथ बच्चों के लिए बने आश्रम ‘सेवा भारती मातृछाया’ कोटा कॉलोनी में बच्चों को पोषण खाद्य सामग्री व मिठाई चॉकलेट आदि वितरित कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

जिला अस्पताल टिकरापारा में माताओं को दूध और फ्रूट, लायंस क्लब वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को खाना खिलाकर कपड़े भेंट किए। रात्रि अपने निवास पर उन्होंने मित्रों एवं वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में केक काटकर सबकी शुभकामनाएं व आशीर्वाद लिया।

## अमेरिका से पहुंचे डॉक्टर ने की आठ मरीजों की निशुल्क सर्जरी



**रायपुर।** अमेरिका से पहुंचे मशहूर चिकित्सक डॉ. लैरी विस्टन ने आठ मरीजों की निशुल्क सर्जरी की। इनमें 3 मरीज होंठ के और 5 मरीज स्किन की बीमारी से संबंधित थे। यह प्लास्टिक सर्जरी शिविर स्व. कन्हैयालाल गंगवाल की स्मृति में भारतीय जैन संघटना की ओर से गुढ़ियारी स्थित सुयश हॉस्पिटल में लगाया गया है। शिविर में कटे-फटे होंठ एवं तालू, पलकों की विकृति, चेहरे के दाग धब्बे जैसी समस्याओं का इलाज किया जाएगा। हॉस्पिटल की ओर से सर्जरी कराने ऑपरेशन थियेटर देकर विशेष सहयोग प्रदान किया गया है। इस मौके पर भारतीय जैन संघटना के प्रदेश अध्यक्ष विजय गंगवाल, प्रदेश महासचिव सीए विकास गोलछा आदि ने बताया कि कटे, फटे होंठ एवं तालू, पलकों की विकृति, चेहरे के दाग धब्बे जैसी परेशानियों से ग्रसित मरीज 6 जनवरी को सुबह 9 से 12 बजे तक सुयश अस्पताल में पहुंचकर रजिस्ट्रेशन कराकर निशुल्क इलाज की सुविधा पा सकते हैं। साथ ही मरीजों को जांच के लिए खाली पेट आना अनिवार्य है।

## स्वच्छता सर्वेक्षण : आयुक्त ने लिया जायजा गंदगी देखते ही ठेकेदार पर लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी को देखते हुए नगर निगम आयुक्त ने दिनभर कई वार्डों और जोन क्षेत्र का दौरा करते हुए पानी निकासी, सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। इस बीच जहां अधिकारियों से सफाई सहित सुविधा से जुड़े कार्यों की मॉनिटरिंग का दावा किया, वहीं दूसरी तरफ एक वार्ड में चरमराई सफाई व्यवस्था को देखते हुए ठेका एजेंसी पर 15 हजार का जुर्माना भी लगा दिया, लेकिन क्षेत्र के अधिकारी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। राजधानी में स्वच्छ भारत मिशन, स्वास्थ्य विभाग का अमला निगम क्षेत्र के मुख्य मार्गों, बाजारों सहित व्यावसायिक क्षेत्रों की स्वच्छता की टोह रूट चार्ट के तहत लेने निकला। रोज सड़क, नाली और बाजारों की सफाई निगम मुख्यालय तथा जोन के गैंग से कराई जा रही है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में सफाई की मॉनिटरिंग अधिकारियों द्वारा की जाती है। इसके लिए स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही, कार्यपालन अभियंता रघुमणि प्रधान, सहायक अभियंता योगेश कडू ने रमण मंदिर वार्ड की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

*नोटिस और 15 हजार जुर्माना : निगम के जोन-2 क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सफाई व्यवस्था की जांच भी हुई। आयुक्त श्री मिश्रा ने जांच के दौरान कई क्षेत्रों में गंदगी, नाला जाम और मुक्कड़ कचरा मिलने पर नाराजगी जताई। साथ ही इसको लेकर निगम के वार्ड क्रमांक-13 की सफाई व्यवस्था देखने वाले ठेकेदार को नोटिस देते हुए 15000 का जुर्माना भी किया। भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी दी, लेकिन मॉनिटरिंग करने वाले अधिकारी बच गए।*

# छत्तीसगढ़ में ऊर्जा, रक्षा, लॉजिस्टिक्स, आईटी और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में निवेश संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ आना मेरा सपना था, मैंने छत्तीसगढ़ की प्रकृति और यहां के पर्यटन स्थलों, संस्कृति के विषय में बहुत कुछ पढ़ और सुन रखा था। आज यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सीएम हाउस में मुलाकात के दौरान भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने उक्त बातें कही। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ शांत और सुंदर प्रदेश है। इस सुंदर प्रदेश की विकास यात्रा में अब अमेरिका भी साझेदार बनेगा।



मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान राजदूत श्री गार्सेटी ने राज्य में निवेश को बढ़ावा देने, सांस्कृतिक पहलुओं और आर्थिक संभावनाओं पर गहन चर्चा की। मुख्यमंत्री ने उन्हें छत्तीसगढ़ में हो रहे विकास कार्यों और नई औद्योगिक नीति से निवेशकों के लिए बने अनुकूल वातावरण के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, हमारा राज्य वैश्विक निवेशकों के लिए खुला है और यहां हर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विकास हो रहा है। अमेरिका जैसे मित्र राष्ट्रों का सहयोग हमारे लिए गौरव की बात है।

### परिवार के साथ आएंगे बस्तर

मुख्यमंत्री ने चर्चा के दौरान अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी से कहा, हमारा छत्तीसगढ़ एक सुंदर प्रदेश है। यहां प्रकृति की गोद में बसे मनोरम पर्यटन स्थल हैं। आप छत्तीसगढ़ आए हैं तो बस्तर जरूर घूमें।

### मुख्यमंत्री को दिया 2028 के ओलंपिक खेलों में शामिल होने आमंत्रण

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रदेश का आदिवासी बाहुल्य बस्तर क्षेत्र नक्सल प्रभावित है, जो अब तक बड़ी चुनौती बना हुआ था। हमारी सरकार इन इलाकों में शांति स्थापना की दिशा में और आदिवासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। राजदूत ने कहा, बस्तर ओलंपिक में ओलंपिक विजेता एथलीट को भी आमंत्रित करें, ताकि दुनिया बस्तर को जाने और बस्तर भी दुनिया से उस अंदाज से जुड़ पाए। मुख्यमंत्री ने इसके लिए धन्यवाद दिया। श्री गार्सेटी ने मुख्यमंत्री को 2028 में अमेरिका में होने वाले ओलंपिक खेलों में शामिल होने का आमंत्रण भी दिया।

## खबर संक्षेप



### सुशासन दिवस पर पूर्व पीएम अटल को दी श्रद्धांजलि

**दुर्ग।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जयंती को सुशासन दिवस के तौर पर मनाया जा रहा है इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने जिला पंचायत सभा कक्ष में अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्मरण किया। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई छत्तीसगढ़ वासियों की भावनाओं का सम्मान करने वाले राजनेता थे। उनका नेतृत्व दूरदर्शी दूर दृष्टि और समाज सेवा उनके प्रति की प्रतिबद्धता हम सब हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है । इस अवसर में जिला पंचायत सभा कक्ष में काव्य जैन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रूपेश पांडे, अरदीप डीडी मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी गौरव मिश्रा कर्मचारी एवं जनपद पंचायत के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

### 14 फरवरी मातृ पितृ पूजन दिवस, संदेश देने रैली



**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग के तत्वधान में संत आशाराम बापू की सेवा संगठन द्वारा ग्राम उमरपोटी रिसाली भिलाई में सैकड़ों की संख्या में 14 फरवरी को मातृ पितृ पूजन दिवस का संदेश देते हुए सुप्रचार प्रभात फेरी निकाली गई। पाश्चात्य संस्कृति की जो देन है जो हमारे देश में वेलेंटाइन डे के रूप में मनाते है उन्हें न मना कर उस दिन सच्चा प्रेम दिवस के रुप में मनाने की अपील की गई। यह संदेश देते हुए प्रभात फेरी निकाली गई। बताया गया कि जनवरी माह से फरवरी माह तक जगह जगह मातृ पितृ दिवस मनाने की रूप रेखा बनाई गई है। जिससे सभी लोगों को मातृ पितृ पूजन दिवस 14 फरवरी को मनाए। इस प्रभात फेरी में नूतन वर्ष 2025 का संत आसाराम जी बापू संस्था वाली कलेंडर और ऋषि प्रसाद, लोक कल्याण सेतु मासिक पत्रिका निःशुल्क बाटी गई। उक्त जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

### वतन मेरा घर का आयोजन

**दुर्ग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आनंद सरोवर बघेरा, राजऋषि भवन केलाबाड़ी दुर्ग, आर्य नगर, सिंधिया नगर एवं छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश के सभी सेवा केंद्रों पर 1 से 21 जनवरी तक 21 दिवसीय विशेष योग तपस्या कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसका विषय है वतन मेरा घर है।

### ऑनलाइन पोर्टल से आवेदन 13 तक

**दुर्ग।** रक्षा मंत्रालय के अधीन संचालित सैनिक स्कूल अम्बिकापुर, मेण्ड्राकलां, जिला सरगुजा में सत्र 2025-26 में कक्षा 6वीं से 9वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा आयोजित की गयी है। जानकारी के अनुसार परीक्षा की तिथि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के वेबसाईट पर बाद में घोषित की जाएगी। आवेदक सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में प्रवेश हेतु राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के वेबसाईट https://exams.nta.ac.in//AISSEE/ पर 13 जनवरी शाम 05 बजे तक आवेदन कर सकते है।


# पुरातात्विक महत्व के शैल चित्रों व प्राकृतिक गुफाओं के लिए प्रसिद्ध है चितवाडोंगरी


हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद


जिला प्राकृतिक सुंदरता के साथ ही पुरातात्विक महत्व के स्थानों के लिए भी जाना जाता है। यहाँ अनेक पुरातात्विक महत्व के स्थल भी काफी चर्चित हैं, जिन्हें करीब से निहारने दूर–दूर से लोग आते हैं।

इन पुरातात्विक स्थानों में एक नाम चितवाडोंगरी भी है, जो पुरातात्विक शैल चित्रों और प्राकृतिक गुफाओं के लिए काफी चर्चित है। प्राकृतिक आबोहवा से परिपूर्ण यह स्थान हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करता है। पर्यटकों को चितवाडोंगरी के ऊपरी भाग पर चढ़कर जाने से पास ही स्थित गोंदली जलाशय और वनांचल का मनोहारी दृश्य भी देखने को मिलता है। बालोद जिले के डौण्डीलोहारा

### गोंदली जलाशय के डुबान क्षेत्र के पास स्थित है यह स्थान







विकासखण्ड के ग्राम सहगांव के समीप स्थित चितवाडोंगरी, गोंदली जलाशय के डुबान क्षेत्र के पास स्थित है। आसपास के क्षेत्रों से ऊँचे स्थान पर स्थित चितवाडोंगरी में बड़ी चट्टानों के बीच काफी छोटी–छोटी गुफाएं आज भी विद्यमान हैं। यहाँ के विशाल चट्टानों में पुरातात्विक महत्व के शैलचित्र उकेरे हुए दिखाई देते हैं, जिन्हें वन विभाग द्वारा संरक्षित करने के लिए तारों से घेर दिया गया है। चितवाडोंगरी में पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा बैठक, सोलर लाईट, पेयजल, शौचालय, वृक्षारोपण सहित जाने–आने के लिए पर्यावरण के अनुकूल रास्ते बनाए गए हैं। इसके फलस्वरूप आगंतुक पर्यटक चितवाडोंगरी में बेहतरीन पुरातात्विक पर्यटन स्थल का लुत्फ उठा रहे हैं।

**विडंबना : बीस लाख क्विंटल का धान उठाया, दो माह में नाममात्र का चावल जमा**

# केन्द्र ने नहीं दिया टारगेट, नॉन में भी चावल जमा करने की गति धीमी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

धान खरीदी के अंतिम दौर में भी केन्द्र सरकार द्वारा चावल खरीदने के लिए टारगेट जारी नही किया गया है। जिसके चलते न सिर्फ प्रदेश सरकार बल्कि मिलरों के भी होश उडे हुए है। इधर जिला प्रशासन द्वारा धान उठाव कराने में ही जोर दिया जा रहा है। लेकिन एफसीआई से टारगेट नही मिलने के कारण चावल जमा नही हो पा रहा हे। नान में भी टोटल धान उठाव का सिर्फ तीन फीसदी चावल जमा हो पाया हैं। ऐसे में आगामी दिनों मिलर धान उठाव के बाद गफलत भी कर सकते हैं।

हांलाकि राज्य शासन द्वारा नीति के तहत उठाव के बाद मिलरों के मिल में भौतिक सत्यापन किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में अब तक 41 लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी 85217 किसानों से हो चुकी इसमें मिलरों ने सिर्फ बीस लाख क्विंटल धान का उठाव किया है। जबकि चावल 66 हजार क्विंटल यानि तीन फीसदी ही जमा किया गया, वहीं मिलरों का कहना हैं कि, एफसीआई ने चावल लेने टारगेट जारी नही किया हैं। जिसके चलते वहां चावल का खेप नही जा रहा।

### कस्टम मिलिंग में तेजी नहीं, नान में ही तीन फीसदी चावल जमा

**खास बातें**

- धान खरीदी के बाद उठाव का रोना, अब मिलिंग धीमी
- जिले में 41 लाख क्विंटल धान खरीदी, उठाव 20 लाख क्विंटल
- हर माह 25 लाख क्विंटल जिले में धान के मिलिंग की क्षमता



### नहीं लगाया गया कैमरा जांच भी नहीं

राज्य शासन द्वारा इस बार धान खरीदी नीति में सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि मिलरों द्वारा उपार्जन केन्द्र से उठाए गए धान की मानिटरिंग की जा सके। लेकिन एक भी मिलरों ने ट्रको में कैमरे नही लगाए है। यहां तक कि उपार्जन केन्द्रों में भी कैमरा लगाने कहा गया था, मगर यहां भी कैमरे नही लगे हैं। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि, मानिटरिंग किस स्तर की होगी।

### पिछले साल का चावल तक जमा नहीं

जानकारी ने अनुसार पिछले साल वर्ष 2024-25 का ही करीब डेढ लाख क्विंटल चावल जिले के मिलरों ने जमा नही किया हैं। केन्द्र द्वारा लगातार तारीख बढाए जाने के बाद भी जिला प्रशासन द्वारा इन मिलरों से चावल जमा नही कराया जा सका हैं। अब तक ऐसे मिलरों पर जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही तक नही की गई हैं। जबकि इस वर्ष के पालिसी में ऐसे मिलरों से एग्रीमेंट नही करने की प्लानिंग की गई हैं।

### दूसरे जिले से धान उठाने जा रहे मिलर

जानकारी अनुसार दुर्ग के उपार्जन केन्द्रों से धान उठाना छोड मार्कफेड द्वारा मिलरों को दूसरा जिला भेजा जा रहा है। जबकि दुर्ग के 102 उपार्जन केन्द्रों में बीस लाख क्विंटल से अधिक धान जाम हैं। मार्कफेड द्वारा दुर्ग जिले के मिलरों से 128 लाख क्विंटल धान मिलिंग करने एग्रीमेंट की गई हैं। हांलाकि दुर्ग जिले में 64 लाख क्विंटल धान खरीदी का टारगेट हैं। मार्कफेड द्वारा राजनांदगांव जिले के लिए डीओ जारी कर दिया गया हैं।

# दस जनवरी को केंद्रीय मंत्री आएंगे नगपुरा गांव



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री ग्रामीण विकास तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग शिवराज सिंह चौहान एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रस्तावित दुर्ग प्रवास कार्यक्रम के सन्दर्भ में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दुर्ग सर्किट हाउस के सभागार में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

- सीएम के आगमन की तैयारियों की उप मुख्यमंत्री ने की समीक्षा

बैठक में संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर और कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी भी उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने 10 जनवरी 2025 को होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों से गतिविधियों की विस्तारपूर्वक जानकारी ली। उन्होंने सुरक्षा, बुनियादी आवश्यकताएं एवं सभी सुविधाओं हेतु सम्बंधित विभाग प्रमुख अधिकारी को निर्देशित किया। इस दौरान एडीएम अरविंद एक्का, एसपी जितेंद्र शुक्ला, एएसपी अभिषेक झा, जिला पंचायत दुर्ग के सीईओ बजरंग दुबे एवं सभी संबंधित विभागों के विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

### जेआरडी स्कूल मैदान से हटाए गए डोमशेड

जिला प्रशासन द्वारा इसके पहले जेआरडी स्कूल मैदान के पास ठेकेदार से डोमशेड लगवाए गए थे। ठेकेदार ने लगभग डोमशेड तैयार भी कर लिया था। लेकिन बाद में जिला प्रशासन द्वारा यह कार्यक्रम नगपुरा में आयोजित करने की खबर दी गई थी। जिसके बाद वहां फिर से डोमशेड बनाया गया।

### बासीन में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह शुरु

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग



रामलीला मंच बासीन में 5 से 13 जनवरी तक दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथावाचक आचार्य पं. अशोक दास वैष्णव (ग्राम जंजगिरी चरोदा) होंगे। 5 जनवरी को सुबह 10 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। 6 को शुकदेव जन्म, परीक्षित श्राप कलयुग अत्याचार, कपिल अवतार की कथा होगी।

7 को सती प्रसंग, ध्रुव चरित्र, जड़ भरत कथा, 8 को अजामिल आख्यान, हिरण्य कश्यप अत्याचार प्रहलाद चरित्र, नरसिहं अवतार की कथा होगी। 9 को गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, राम जन्म, कृष्ण जन्म और 10 को श्री कृष्ण प्राकट्य महोत्सव, माखन चोरी, कंस वध, 11 को रुखमणी विवाह द्वारिका निर्माण कथा सुनाई जाएगी।

12 को सुदामा चरित्र परिक्षीत मोक्ष, तुलसी वर्षा तथा चढ़ौत्री होगी। 13 जनवरी को पूर्णाहूति के साथ ही शोभायात्रा निकाली जाएगी।

# कातुलबोड़ के शासकीय स्कूल में 60 लाख रुपए से होगा विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग



कातुलबोर्ड के शासकीय स्कूल में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गजेन्द्र यादव ने स्कूल के बच्चों संग फीता काटकर अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण किये। अब पढ़ाई करने भवन की समस्या नहीं आएगी। स्कूल के जर्जर कक्ष का संधारण तथा टॉयलेट निर्माण के लिए भी भूमिपूजन किया गया।

- विधायक गजेन्द्र यादव ने किया लोकार्पण

विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य की सौगात मिल रही है। शिक्षा के क्षेत्र में दुर्ग आगे बढ़ाने शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने कई पहल किये है। शहर के कई शासकीय स्कूलों के जर्जर भवन का संधारण कराने शासन से स्वीकृति दिलाये है ताकी शासकीय स्कूल के विद्यार्थियों की शिक्षा में भवन की बाधा न बने।

इस दौरान बच्चों को सम्बोधित करते हुए नियमित स्कूल आने और अच्छे से पढ़ाई करने प्रेरित किये। कातुलबोर्ड वार्ड 60 शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में 16 लाख की राशि से 2 अतिरिक्त कक्ष लोकार्पण, शासकीय प्राथमिक शाला में 29 लाख की राशि से 3 अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण तथा कुछ माह पूर्व वार्ड भ्रमण के दौरान शासकीय पूर्व. मा. शाला के शिक्षकीय स्टॉफ ने में स्कूल परिसर में बालक बालिकाओं के अलग अलग टॉयलेट, अतिरिक्त कक्ष बनाने की मांग किये थे, ताकी बच्चों की पढ़ाई में भवन की समस्या न हो। विधायक गजेन्द्र यादव के पहल से शासन से विकास कार्य हेतु प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर आज भूमिपूजन किया गया।

इस दौरान पार्षद जयश्री जोशी, देवनारायण चंद्राकर, अरुण सिंह, कांशीराम कोसरे, पूर्व पार्षद अल्का बाघमार, श्वेता ताम्रकार, जयश्री राजपूत, मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, मनमोहन शर्मा, शाला विकास समिति के अध्यक्ष विक्रम यादव, छवि साहू, आरईएस एसडीओ सीके सोने, उपअभियंता अश्वनी द्विवेदी सहित आसपास के नगरवासी उपस्थित रहे।

# अर्थशास्त्र विभाग में व्याख्यान का आयोजन

**दुर्ग।** अर्थशास्त्र विभाग में व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय अमरकंटक से डॉ. रक्षा सिंह विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापक अर्थशास्त्र विभाग में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रही। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने की।

प्राचार्य ने कार्यक्रम की उपयोगिता व छात्रों की सक्रिय भागीदारिता की अपेक्षा की। डॉ. रक्षा सिंह ने ई-कॉमर्स त्वरित वाणिज्य के विषय में विस्तार से चर्चा की बिलकिंट को कम समय में मार्केट (ऑन लाइन सर्विस) में जगह बनाने में मिली सफलता पर चर्चा की। सेवा कम्पनियों की आर्थिक रणनीति पर चर्चा करते हुए रेडबस जेप्टो आदि के उदाहरण द्वारा रोचक एवं व्यवहारिक रुप से प्रस्तुत किया। वर्तमान समय में सेवा कम्पनियां समय की बचत, कम लागत व दूरी आदि के साथ व्यापार की मात्रा को बढ़ाने में प्रयासरत है।





कार्यक्रम में डॉ. जिज्ञासा पांडे, तरूण कुमार साहू , मनीषा भीमते, चांदनी मंडले एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें। संचालन डॉ. नीता मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन अर्थशास्त्र परिषद के अध्यक्ष एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र हर्ष कुमार नायर ने किया।

## पेज 9 के शेष

### अजय साहू संभालेंगे जिला ...

साहू का नाम आगे बढ़ाया। रणनीति भी काम आई और यही नाम पार्टी संगठन को सर्वाधिक सही लगा। सूत्रों के अनुसार मंत्री ने व्यापक रणनीति को अंजाम देते हुए अजय साहू का नाम मजबूती से आगे रखा। यही नहीं, मंत्री दयालदास बघेल ने जिले के दिग्गज नेताओं के साथ दोनों विधायक दीपेश साहू और विधायक ईश्वर साहू से बैठक कर अजय के नाम पर सहमति भी बना ली थी। **कार्यकर्ताओं में उत्साह, जिला कार्यालय पहुंचेः** पार्टी कार्यालय में बंद लिफाफा में जिला अध्यक्ष के नाम लेकर जिला चुनाव प्रभारी पहुंचे थे। उन्होंने सबके सामने बंद लिफाफा खोला। आगामी जिला अध्यक्ष को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में इतना उत्साह था कि सैकड़ों कार्यकर्ता जिला कार्यालय पहुंचे हुए थे। जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं की इतनी संख्या हो गई कि कार्यालय छोटा पड़ गया, कुर्सियां कम पड़ गईं। कई कार्यकर्ता खड़े खड़े ही अपने नए अध्यक्ष का नाम जानने बेसब्री से इंतजार करते रहे। जिला प्रभारी ने जैसे ही अजय साहू के नाम की घोषणा की खास कर के नवागढ़ क्षेत्र के कार्यकर्ता खुशी से झूमने लगे। उत्साह इतना रहा कि कार्यकर्ताओं को मंच पर आने से रोकते रहे, जमकर आतिशबाजी की है ओर नारेबाजी करते हुए डीजे की धुन पर थिरकते हुए नजर आए। हालांकि पूर्व के 15 वर्षों तक संगठन में काबिज नेताओं के चेहरे पर मायूसी दिखाई दी।

### फर्जी दस्तावेजों से हथियाई ...

शिक्षाकर्मियों द्वारा दस्तावेज में कूटरचना कर नौकरी प्राप्त किए जाने का अभिमत दिया गया। इसके अलावा दोनों शिक्षा कर्मियों को छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत नियमानुसार दस्तावेज प्रस्तुत करने का समय दिया गया, लेकिन जांच टीम के समक्ष वैध दस्तावेज नहीं दे पाए। इस पर डीईओ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पद से जहां बर्खास्त किया, वहीं आगे की कार्यवाही के लिए उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन मांगा है।

### राजूलाल सोनी जिला ...

शासकीय प्राथमिक शाला मुंदेली वि.ख. मानपुर अंबागढ़ चौकी का पत्र के माध्यम से दी गयी जानकारी के अनुसार राजू लाल सोनी का शिक्षाकर्मी नियुक्ति आदेश कमांक/1227/04 जुलाई 2008 में तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी एच.एल. शेण्डे कार्यावधि 04 जून 2008 से 11 नवंबर 2008 तक उक्त नियुक्ति पर अपने हस्ताक्षर नहीं होना बताया गया। वहीं, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मानपुर ने बताया कि राजू लाल सोनी शिक्षाकर्मी वर्ग 03 ने शासकीय प्राथमिक शाला गुंदेली कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी मानपुर में कार्यभार ग्रहण ही नहीं किया है। प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला मुंदेली वि.ख. मानपुर ने भी लिखित में बताया कि राजू लाल सोनी ने शिक्षाकर्मी वर्ग 03 के पद पर कार्यभार ग्रहण ही नहीं किया गया है। कार्यभार ग्रहण का कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं है ओर ना स्थानांतरित शाला के लिए भारमुक्त दस्तावेज का कोई प्रश्न ही नहीं है।

**आगामी 3 वर्षों में अभियान चलाकर किया जाएगा कार्य**

# छग को तीन साल में बाल विवाह से करेंगे मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

मिशन वातसल्य योजना अंतर्गत ''बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान'' के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह के सेमीनार कक्ष में एक दिवसीय संभाग स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में दुर्ग संभाग आयुक्त एस.एन. राठौर, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक नंदलाल चौधरी उपस्थित थे।

- अफसरों ने मिशन पूरा करने की ली शपथ

संभाग आयुक्त ने कहा बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है। वर्तमान में राज्य में बाल विवाह की दर 12 प्रतिशत है। इस आंकड़े को कम करने के लिए संभाग में हम सबको प्रयास करना है। कलेक्टर ने कहा बाल विवाह अर्थात कम उम्र में शादी समाज की प्रगति में बाधा डालती है। बाल विवाह प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से देश की अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित करती है। बेटियां पहले सक्षम बने फिर विवाह करे। अभिभावक बेटियों, बहनों एवं महिलाओं को पढ़ाएं, उन्हे आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करे और समाज की प्रगति में सहयोग करे।



### कार्यशाला में दिया गया प्रशिक्षण

कार्याशाला में महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक नंदलाल चौधरी ने प्रमुख रूप से प्रशिक्षण दिया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा शासन प्रशासन बाल विवाह रोकथाम के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। इसके तहत चरणबद्ध रूप से संभाग स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की जा रही है। जिसकी शुरुआत दुर्ग संभाग से की गई है। छत्तीसगढ़ प्रदेश को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए शासन प्रशासन समाज की सहभागिता से अभियान चला कर कार्य कर रही है। समाज के प्रमुख अपने अपने सामाजिक संगठनों में चर्चा कर जागरूकता लाने का कार्य करे।

### दानपेटी से रुपए चोरी

**भिलाई।** मंदिर के दानपेटी से रुपए चोरी करने के मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 305, 331 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन को जिपं सदस्य पुष्पेंद्र ने दी बधाई

**बालोद।** बालोद भाजपा जिला अध्यक्ष बनने पर चेमन देशमुख को जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने मिलकर पुष्पगुच्छ व हार पहनाकर उन्हें बधाई दी।

### खुले में शराब व नशा करने वाले धरे गए

**भिलाई।** शराब पीने और नशा करने वालों के खिलाफ पुलिस अभियान चलाकर कार्रवाई करने में जुट गई है। छावनी पुलिस ने शनिवार की रात फल मंडी से आधा दर्जन से अधिक युवको को खुले में शराब पीते पकड़ा है। उनका जुलूस भी निकाला है। एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने इसके खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। सूचना मिली थी कि फल मंडी में आए दिन कुछ युवक बैठकर खुलेआम शराब पीते हैं और गाली-गलौज करते हैं। खबर लगने पर पुलिस शनिवार को भी फल मंडी पहुंची थी। जहां शराब पार्टी मना रहे युवकों को पुलिस ने तुरंत घेराबंदी कर पकड़ा गया। छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि वो लगातार गश्त कर खुले में नशा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

### दुकान का ताला टूटा

**भिलाई।** किराना दुकान का ताला तोड़कर नगदी व सामान पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। घटना बोरसी का है। पद्मनाभपुर पुलिस ने बताया कि बोरसी निवासी खिलेश्वर साहू का बोरसी हाट बाजार मे साक्षी किराना स्टोर नाम से दुकान है। 31 दिसंबर को अपनी दुकान को रात में बंद कर घर चला गया। दुकान ताला टूटा पड़ा मिला। दुकान से अज्ञात ने राशन सामान व नगदी गायब मिला।

### ग्राम अन्नुटोला में हुआ रामायण कार्यक्रम

**डौंडीलोहारा।** वनांचल के ग्राम अन्नुटोला में दो दिवसीय रामायण कार्यक्रम का रविवार को समापन हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया थीं, अध्यक्षता रोमलाल साहू ने की। विशेष अतिथि गोविन्द चंद्राकर विधायक प्रतिनिधि, हेमकुमार रावटे जनपद सदस्य, राजाराम तारम जनपद सदस्य, ललित कुमार साहू सरपंच ग्राम पंचायत भीमाटोला, परमेश्वर कुंजाम, तिलक कोरेटी, इमरान खान, दिलीप बघेल थे। कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

### चरोदा निगम ने अवैध प्लाटिंग पर की कार्रवाई

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा क्षेत्र के सिरसा गेट से उमदा मार्ग पर श्याम नगर माडल रोड के किनारे हो रहे अवैध प्लाटिंग की सूचना पर टीम पहुंची। जिसे धराशायी की कार्रवाई की गई। आयुक्त डी एस राजपूत ने निर्देशों का पालन करते हुए निगम के लोक निर्माण विभाग दल ने अवैध प्लाटिंग पर जेसीबी चलाया। उपअभियंता मुकेश रात्रे अपने सहयोगी कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचकर मार्ग संरचना और फेंसिंग को जमींदोज किया। इस दौरान उप अभियंता, टाईम कीपर श्यामता साहू, भीषम वर्मा, जेसीबी चालक भोलाराम जांगडे मौजूद थे।

### पॉलिटेक्निक छात्र ने लगाई फांसी

**भिलाई।** पॉलिटेक्निक कॉलेज के एक छात्र ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। शव को पुलिस ने पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि वार्ड 10 आदर्श पारा निवासी लवकुश पाण्डेय अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पिता सुनील पाण्डेय ड्राइवरी का काम करते हैं। मां हाउस वाइफ है। लवकुश घर में सबसे छोटा था। उसका बड़ा भाई मनीष बीटेक की पढ़ाई कर रहा है। उसकी एक बहन भी है। शनिवार शाम 6 बजे लवकुश खाना खाकर घर से निकला कुछ देर बाद उसकी मां कुसुम घर के पीछे बोर चालू करने गई।

# सिंघौरी स्कूल के बच्चों ने किया शैक्षिक भ्रमण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- भिलाई का मैत्रीबाग देखा, राजनांदगांव में पाताल भैरवी व डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी के किए दर्शन

सेजेस हिंदी माध्यम स्कूल एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल सिंघौरी के बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए मैत्री बाग भिलाई, पाताल भैरवी राजनांदगांव एवं सिद्धपीठ माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ का भ्रमण कराया गया। बच्चों ने सर्वप्रथम मैत्री गार्डन घूमा।

वहां पर विभिन्न प्रकार के जीव जंतुओं को अपने सामने पाकर सभी बच्चे गदगद हो गये और सभी जानवरों को बड़ी ही ध्यानपूर्वक देखा और उनके बारे में शिक्षकों से जानकारी भी प्राप्त की। यहां पर स्कूली बच्चों ने राष्ट्रीय पशु बाघ,राष्ट्रीय पक्षी मोर सहित सफेद शेर,बब्बर शेर, भालू, हिरण, विभिन्न प्रकार में सांप, पक्षी, बंदर सहित अन्य जनावर देखे। उसके बाद फिर मीनार चढ़कर भिलाई स्टील प्लांट का अवलोकन किया। संस्था के वरिष्ठ शिक्षक संतोष राजपूत ने बताया कि इस टॉवर के माध्यम से हम इस चिड़ियाघर और स्टील प्लांट के मनोरम दृश्य का अवलोकन कर सकते हैं।

उसके बाद फिर राजनांदगांव स्थित पाताल भैरवी मंदिर जाकर मां काली एंव महादेव शिवशंकर का दर्शन किये। इतिहास के बारे में शिक्षिका सरस्वती साहू ने बच्चों को विस्तृत जानकारी दी। उसके बाद डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर दर्शन किये। संस्था प्रमुख मीनाक्षी शर्मा ने बच्चो को सिद्धपीठ बम्लेश्वरी मंदिर के पौराणिक मान्यताओं के बारे में बताया। साथ ही साथ इलेक्ट्रॉनिक उड़नखटोला (रोप वे) के बारे में बताया गया। इस प्राचार्य रामगोपाल चन्द्राकर ने बच्चों को जीवन में शैक्षणिक भ्रमण का महत्व बताया। इस अवसर पर रामगोपाल चन्द्राकर प्राचार्य, मीनाक्षी शर्मा प्रधान पाठक, संतोष राजपूत, राजेश गायकवाड़, प्रतिभा, सरस्वती साहू, आगेश्वरी साहू, राजेश्वरी ठाकुर, रेणुका अग्रवाल, देवेंद्र साहू, नुतेश्वर चन्द्राकर, प्रशांत बघेल, अमरीका पांडेय, रामकली, चमेली रसोइया, मंजू, गजानंद यादव सफाई कर्मचारी तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) को लेकर जिपं सीईओ ने ली दुकानदारों की बैठक

# हितग्राहियों को किफायती दरों पर उपलब्ध निर्माण सामग्री उपलब्ध कराएंगे दुकानदार



हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत जिले में वृहद स्तर पर आवास निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए इस वित्तीय वर्ष में बड़ी संख्या में आवास निर्माण स्वीकृत किए गए हैं। इस संबंध में निर्माण सामग्री की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु आज जिला पंचायत सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल की अध्यक्षता में जिले के विभिन्न क्षेत्रों के निर्माण सामग्री विक्रेताओं की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में हितग्राहियों को निर्माण सामग्री किफायती दरों पर उपलब्ध कराने और निर्माण सामग्री की दरों में कमी लाने के प्रयासों पर विस्तृत चर्चा की गई। श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है, और इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के हितग्राहियों को सुलभ और सस्ती दरों पर आवास निर्माण की सुविधा प्रदान करना है। बैठक में उपस्थित सभी निर्माण सामग्री विक्रेताओं ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत किया और सहमति व्यक्त की कि वे आवास हितग्राहियों को बिना लाभ के, क्रय मूल्य पर निर्माण सामग्री उपलब्ध कराएंगे।

इस प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए ग्राम पंचायत सचिव के माध्यम से हितग्राहियों को एक लिखित प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा, जिसके आधार पर विक्रेता निर्माण सामग्री उपलब्ध कराएंगे। जिला प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया कि इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों के लाभार्थी आसानी से अपने आवास निर्माण का कार्य पूर्ण कर सकें। बैठक में उपस्थित विक्रेताओं ने इस जनकल्याणकारी पहल को सफल बनाने के लिए पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।यह कदम जिले में आवास निर्माण की गति को तेज करने और हितग्राहियों के जीवन स्तर में सुधार लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

# डाइट के लेखापाल अमिंदर भारती ने गिरौदपुरी धाम में लगाए 10 पंखे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के लेखापाल अमिंदर भारती ने महान संत बाबा गुरु घासीदास जी की जन्मस्थली एवं तपोभूमि गिरौदपुरी धाम में 10 सीलिंग पंख लगवा है।

उन्होंने यह सीलिंग पंखा बाबा जी की तपोभूमि में कल अपने चार मित्रों थलज कुमार साहू व्याख्याता डाइट, राजकुमार वर्मा व्याख्याता डाइट, नागेंद्र शर्मा लेखापाल डाइट, रोहित सेन सहित जाकर स्वयं अपने हाथों से लगाए हैं। अमिंदर भारती का यह कार्य अनुकरणीय तो है ही, साथ ही साथ उनकी समाज सेवा और अपने धर्म के प्रति भक्ति भाव को भी प्रदर्शित करता है। गर्मी के दिनों में जाकर उन्होंने अनुभव किया कि बाबा जी के धाम में आने वाले भक्तों को एवं दर्शनार्थियों को भीषण गर्मी में पसीने से तरबतर होना पड़ता है। उसी समय से यह बात उनके मन में बैठ गई थी कि मुझे भी बाबा जी के धाम में, उनकी तपोभूमि में दर्शनार्थियों के लिए कुछ कार्य करना है। उन्होंने अपने मन की बात को साकार करने के लिए, अपने संकल्पों को पूरा किया। श्री भारती की इस पहल के लिए डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जेके घृतलहरे, व्याख्याता जीएल खुटियारे, थलज कुमार साहू, राजकुमार वर्मा, श्रद्धा तिवारी, नागेंद्र शर्मा, रोहित सेन ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# बेमेतरा विधायक दीपेश ने नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष अजय को दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधायक दीपेश साहू ने अजय साहू की नियुक्ति को संगठन की एकजुटता बढ़ाने वाला कदम बताया। उनकी नेतृत्व क्षमता और संगठनात्मक अनुभव को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। आगे उन्होंने कहा कि भाजपा की शीर्ष नेतृत्व आज एक छोटे से किसान पुत्र जमीनी स्तर में पार्टी की काम करने वाले अजय साहू को भाजपा जिलाध्यक्ष नियुक्त कर आज एक अच्छा सन्देश दिया है। भारतीय जनता पार्टी सदैव कार्यकर्ताओं की मेहनत का ख्याल रखने वाली पार्टी है।

आज उसी का परिणाम है, जब बेमेतरा के एक छोटे से जमीनी स्तर के कार्यकर्ता को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुझे विश्वास है कि आगामी होने वाले नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के साथ ही इन पांच सालों में नवनिर्वाचित युवा जिलाध्यक्ष अपनी संगठनात्मक नेतृत्व से संगठन को मजबूती प्रदान कर अपनी जिम्मेदारी का बखूबी से निर्वहन करेंगे।

## चुहका के बच्चों ने मैत्री गार्डन भिलाई का किया शैक्षणिक भ्रमण...



**थानखम्हरिया।** समीपस्थ शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चुहका के 30 विद्यार्थी एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए रविवार को मैत्री गार्डन भिलाई पहुंचे एवं वहां के वातावरण का आनंद लिया। जहां बच्चों ने जंगली जानवर में सफेद बाघ, अजगर साँप, हिरण, शेर एवं विभिन्न प्रकार के पशु-पक्षियों को देखा। उसके बाद बच्चो ने टॉय ट्रेन में बैठकर लुत्फ उठाया। भ्रमण में बच्चों के साथ मिडिल स्कूल प्रधान पाठिका मंजू लता धुर्वे, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक रिखी राम यादव, शिक्षक तीज राम ठाकुर, अलमु दास महिलांगे, दीपक राजपूत, किसन ठाकुर, कामता पटेल शामिल थे।

## ग्राम हड़गहन में शुरू हुई क्रिकेट स्पर्धा

**बालोद/सिकोसा।** विकासखंड के ग्राम हड़गहन में ग्रामवासियों के सहयोग से न्यु आदर्श क्रिकेट क्लब समिति द्वारा 06 जनवरी से पांच दिवसीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता गांव के रानी सागर मिनी स्टेडियम में हो रही है। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तिमिरेन्दु शेखर सिंह कंवर थे, अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मीडिया एवं संवाददाता पुनीत राम सेन ने की। विषे अतिथि विकास चन्द्राकर, थानसिंह भंडारी, तुला राम रावटे, नरोत्तम रावटे, भरत लाल ठाकुर, कार्तिक राम ठाकुर, खमेश्वर ठाकुर, अमृत लाल भंडारी, नामदेव कोसमा, महासिंग ठाकुर, प्रदीप साहू, उमेष तारम, मानसिंह ठाकुर उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के लिए प्रवेश शुल्क 6501 रूपए है। प्रथम पुरस्कार 100001 रूपये एवं ट्राफी, द्वितीय पुरस्कार 50001 रूपये एवं ट्राफी, तृतीय पुरस्कार 25001 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 15001 रूपये, पंचम पुरस्कार 10001 रूपये एवं ट्राफी प्रदान किया जाएगा। साथ ही बेस्ट बालर, फिल्डर, बालर, बैट्समेन, कप्तान, के साथ प्रत्येक मैच म मैन आफ द मैच, मैन आफ द सिरीज, फायनल मैच में चौका, छक्का, विकेट पर विशेष पुरस्कार दिए जाएंगे। 10 जनवरी को ग्राम में मड़ई मेला के साथ रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम मोर मयारू नाच पार्टी का आयोजन किया जाएगा।

# बरगा के ग्रामीणों ने खेदूराम वर्मा को रामधुनि के साथ दी अंतिम विदाई



**बेमेतरा।** बरगा गांव ने मानवता और आपसी एकता की मिसाल पेश करते हुए गांव के बुजुर्ग खेदूराम वर्मा को भावपूर्ण अंतिम विदाई दी। खेदूराम वर्मा का निधन सोमवार को हुआ। उनके परिवार में कोई घनिष्ठ सदस्य नहीं होने के कारण गांव के नागरिकों ने सामूहिक रूप से उनकी अंतिम यात्रा की पूरी जिम्मेदारी उठाई।

गांववासियों ने खेदूराम वर्मा की अंतिम यात्रा में एक साथ ढोलक मंजीरा के साथ रामधुनि गाते हुए उन्हें गांव के मुक्तिधाम तक पहुंचाया। इस हृदयस्पर्शी दृश्य ने यह स्पष्ट किया कि इंसानियत के रिश्ते खून के रिश्तों से भी बढ़कर होते हैं। स्व. वर्मा की अंतिम विदाई के दौरान उपस्थित ग्रामीणों की आंखें नम थीं, लेकिन उनके चेहरे पर संतोष झलक रहा था कि उन्होंने अपने बुजुर्ग को सम्मानपूर्वक विदा किया। इस दौरान खेमसिंह वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि बल्लू नोहर पाल, ग्राम पटेल राजकुमार साहू, पंचगण प्रताप साहू, कमलेश साहू, लालराम साहू, मनहरण वर्मा, शिवकुमार साहू ग्रामीण ईश्वर गंधर्व (कोटवार) गंगदेव साहू, दादु साहू, अजय पटेल, रामजी, पुनाराम, डॉ टीकेन्द्र साहू, कुमार साहू, डॉ घनश्याम साहू, ओमप्रकाश साहू, दिनेश वर्मा डॉ कांशीराम साहू सम्मिलित रहे।

# सुवरतला विद्यालय के सेवानिवृत्त प्रधानपाठक नंदकुमार ने बच्चों को कराया नेवता भोज

**भोजन ग्रहण करने वाले मंच पर अपने व्यय पर टाइल्स लगवाने की घोषणा की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा





शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला सुवरतला में सेवानिवृत्त प्रधानपाठक नंदकुमार ठाकुर ने अपना 67 वां जन्मदिन बच्चों और पूर्व सहयोगी शिक्षकों एवं पालकों के साथ मनाया। इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला सुवरतला की ओर से केक काटकर मिठाई बांटी गई।

इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला सुवरतला प्रधानपाठक बसन्त कौशिक ने एनके ठाकुर के कर्तव्य निष्ठा, उनके द्वारा शाला में दिए योगदान पर प्रकाश डालते हुए उन्हें स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दीं। पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक संतोष ठाकुर, हाई स्कूल सुवरतला के शिक्षक विनय जोशी ने भी बधाई दी।

श्री ठाकुर ने बच्चों के भोजन ग्रहण करने के मंच पर अपने खर्च से टाइल्स लगवाने की घोषणा की। उन्होंने हाई स्कूल सुवरतला के सभी बच्चों को बिस्कुट वितरित किया। वहीं, प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के सभी को पूर्ण नेवता भोज कराया, जिसके तहत दाल-भात, सब्जी, पापड़, अचार, खीर-पूड़ी, सलाद के साथ फल भी परोसा गया। कार्यक्रम में शाला के सभी बच्चों के साथ संकुल समन्वयक मनीराम श्रीवास, खूबीराम साहू, अंजनी वर्मा, गायत्री साहू, बेला ध्रुव, माहेश्वरी साहू, संकुल से अजय यादव, राजू सेन, चंदा सिन्हा, स्वागता सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

